# प्रतियोगिता दर्पण
हिन्दी मासिक

# क्रॉनिकल

## March 2022

## मार्च 2022

Click this link to watch the PD March 2022 video https://youtu.be/0nV1o6E4GV4

Click this link to watch the Chronicle March 2022 https://youtu.be/al6fW9UagUM

**Visit for More Updates** www.onlinestudycentre.in

Subscribe to our YouTube Channel

# मार्च (March) 2022

## राष्ट्रीय घटनाक्रम

### उत्तर प्रदेश पंजाब उत्तराखंड गोवा और मणिपुर की विधानसभाओं हेतु चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ

- 8 जनवरी 2022 को चुनाव आयोग ने इन **पांच राज्यों में- उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर** की विधानसभाओं के लिए चुनावों की घोषणा की।

**चुनाव आयोग द्वारा दी गई सुविधाएं-**

- प्रत्याशियों द्वारा किए जाने व्यय की नई अधिकतम सीमाओं के तहत **उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व पंजाब** में प्रत्याशी **अधिकतम ₹40-40 लाख** चुनाव में खर्च कर सकेंगे।
- **गोवा व मणिपुर में यह सीमा ₹28-28 लाख** निर्धारित की गई है।
- कोविड महामारी के कारण **मतदान के लिए समय को एक घण्टा बढ़ा** दिया गया है।
- **मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 से घटाकर 1250** किया गया है।
- **80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों** व **कोरोना संक्रमितों** को **घर बैठे मतदान** की सुविधा दी गई।

**विभिन्न राज्यों में मतदान के चरण एवं तिथियाँ**

| राज्य | सीटों की संख्या | मतदान के चरण | मतदान की तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| गोवा | 40 | 1 | 14 फरवरी |
| मणिपुर | 60 | 2 | 27 फरवरी व 3 मार्च |
| पंजाब | 117 | 1 | 20 फरवरी |
| उत्तराखण्ड | 70 | 1 | 14 फरवरी |
| उत्तर प्रदेश | 403 | 7 | 10,14,20,23, व 27 फरवरी तथा 3 व 7 मार्च |

- सभी पाँच राज्यों में मतगणना 10 मार्च 2022 को होगी।

### बीता वर्ष 2021 अब तक का पांचवा सबसे गर्म वर्ष रहा: भारतीय मौसम विभाग का आकलन

- 14 जनवरी 2022 को भारत की जलवायु के संबंध में विभाग द्वारा एक विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें बताया गया की **1901 के पश्चात बीता वर्ष 2021 अब तक का पांचवा सबसे गर्म वर्ष रहा** है।
- औसत तापमान की तुलना के लिए 1981 - 2010 की अवधि के औसत तापमान को सामान्य तापमान के रूप में लिया जाता है।
- **1. वर्ष 2016- औसत तापमान सामान्य से 0.71 डिग्री सेल्सियस अधिक** रहा।
- 2. वर्ष 2009- +0.55 डिग्री सेल्सियस।
- 3. वर्ष 2017- +0.541 डिग्री सेल्सियस।
- 4. वर्ष 2010- +0.539 डिग्री सेल्सियस।5. वर्ष 2021- +0.44 डिग्री सेल्सियस।

### उत्तर प्रदेश विधान परिषद की स्थानीय निकाय कोटे की 36 सीटों के लिए चुनाव मार्च 2022 में

- 28 जनवरी 2022 को 100 सदस्यीय विधान परिषद की स्थानीय निकाय कोटे से भरी जाने वाली **36 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम चुनाव आयोग** में घोषित।
- **नए सदस्यों के लिए चुनाव दो चरणों** में होंगे।
- पहले चरण में **30 सीट के लिए मतदान 3 मार्च** को होगा।
- दूसरे चरण में **6 सीट के लिए मतदान 7 मार्च** को होगा।
- सभी **36 सीटों के लिए मतगणना 12 मार्च** को होगी।

### फिलिपिंस को ब्रह्मोस मिसाइलों के निर्यात के लिए सौदा संपन्न

- जनवरी 2022 में देश में निर्मित **ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात के लिए एक आर्डर फिलीपींस से प्राप्त** किया गया।
- फिलिपिंस के रक्षा विभाग ने अपनी नौसेना के लिए ब्रह्मोस मिसाइलों की आपूर्ति के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (BAPL) के साथ **37.4 करोड डॉलर (₹2,805 करोड़) के अनुबंध** पर हस्ताक्षर किए।

- यह अनुबंध समुद्र तट पर तैनात की जाने वाली **एंटीशिप ब्रह्मोस मिसाइलों** की आपूर्ति के लिए है।
- दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ अन्य देशों के साथ ही इसके निर्यात के लिए भारत की बातचीत विभिन्न चरणों में है।

**समाचार विद्या की टीआरपी रेटिंग पुनः प्रारंभ**

- 12 जनवरी 2022 को **टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (TRP)** पुनः प्रारंभ करने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ब्रॉडकास्टर्स ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (BARC) को निर्देश जारी किए।
- टीआरपी को लेकर अक्टूबर 2020 में उठे विवाद के कारण इस पर रोक लगा दी गई थी।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टीआरपी रेटिंग तत्काल प्रभाव से शुरू किया क्योंकि जिसमें **प्रसारकों, विज्ञापन दाताओं, विज्ञापन एजेंसियों व मीडिया एजेंसियों के प्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं, उन्होंने कहा था कि टीआरपी समिति की रिपोर्ट और TRAI की 28 अप्रैल 2020 की संस्तुतियों के अनुरूप इसने अपनी प्रक्रियाओं, प्रोटोकॉल व निगरानी व्यवस्था में संशोधन** किए हैं तथा नियमन के स्वरूप आदि में परिवर्तन शुरू किया है।

**एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का परीक्षण**

- 11 जनवरी 2022 को **DRDO अपने देश में ही विकसित कम वजन वाली मानव संचालित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल** (Man Portable Anti Tank Guided Missile-MPATGM) का एक परीक्षण किया।
- विज्ञप्ति के अनुसार **कम वजन वाली यह फायर एंड फॉरगेट मिसाइल** है।
- जिसका **प्रक्षेपण मैन पोर्टेबल लांचर से किया** जा सकता है।
- रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति में मिसाइल के परीक्षण को इसके **'फाइनल सुपर्दगी योग्य विन्यास' (Final deliverable configuration)** का परीक्षण बताया है।

**स्वदेश निर्मित पहले विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत के समुद्री परीक्षण का एक और दौर संपन्न**

- 9 - 17 जनवरी 2022 को भारत के पहले **स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत के तीसरे दौर के समुद्री परीक्षण** संपन्न हुए।
- **लगभग 45000 टन विस्थापन क्षमता** है।
- निर्माण- **कोचीन शिपयार्ड** द्वारा।
- देश में ही बने इस सबसे बड़े युद्धपोत को अगस्त 2022 में नौसेना में शामिल करने की योजना है।

**नौसेना से हटाए गए आईएनएस खुखरी को स्मारक के रूप में विकास हेतु दियु प्रशासन को सौंपा**

- 23 दिसम्बर 2021 को विशाखापट्टनम में आयोजित एक सरकारी समारोह में 32 वर्षों तक भारतीय नौसेना की सेवा में रहे **आईएनएस खुखरी, को सेवामुक्त** किया गया।
- 26 जनवरी 2022 को दियु स्थित खुखरी स्मारक को सौंप दिया गया है, जहाँ पुराने खुखरी युद्धपोत का एक छोटा मॉडल भव्यता के साथ प्रदर्शित किया गया है।
- दियु में इसका विकास एक स्मारक के रूप में किया जाएगा।

**ब्रह्मोस मिसाइल के समुद्र से समुद्र में वार करने वाले सी-टू-सी संस्करण का परीक्षण**

- 11 जनवरी 2022 को **सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के सी-टु-सी** (Sea-to-Sea Variant) संस्करण का परीक्षण INS विशाखापट्टनम से किया गया।
- विध्वंसक युद्धपोत **INS विशाखापट्टनम का निर्माण मुंबई स्थित मजगांव शिपबिल्डर्स लिमिटेड** द्वारा और अक्टूबर 2021 में ही भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।
- 1 माह पूर्व 8 दिसंबर 2021 को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की वायु सैनिक संस्करण का परीक्षण किया गया था जिसके तहत सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान से परीक्षण मिसाइल ने अपने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया था।

**सीमा पर तनाव समाप्त करने के लिए भारत व चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की वार्ता का 14वाँ दौर सम्पन्न**

- 26 दिसंबर 2021 को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के उत्पादन के लिए ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र का लखनऊ में शिलान्यास किया गया।
- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत के DRDO और रूस **NPO Mashinostroyeniya का संयुक्त उपक्रम** है।
- यह नामकरण भारत के **ब्रह्मपुत्र नदी और रूस के मस्कावा नदी** के नाम को मिलाकर ब्रह्म किया गया है।
- साथ ही DRDO की एक **टेस्टिंग लैब रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र** (Defence Technology and Test Centre-DTTC) का शिलान्यास भी हुआ।
- ब्रह्मोस के साधन केंद्र के लिए **200 एकड़ भूमि उत्तर प्रदेश** सरकार ने लखनऊ में हरौनी में उपलब्ध कराई।

- इस इकाई **में 80 से 100 ब्रह्मोस मिसाइल** इन प्रतिवर्ष तैयार हो सकेंगे।

## लोक सभा एवं विधान सभाओं के चुनावों में प्रत्याशियों के खर्च की सीमाओं में वृद्धि

**लोक सभा-**

- **बड़े राज्यों में प्रत्येक लोक सभा** निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले चुनाव **व्यय की सीमा को ₹70 लाख से बढ़ाकर ₹95 लाख** किया गया।
- **छोटे राज्यों** में इस सीमा को **₹54 लाख से बढ़ाकर ₹75 लाख** किया गया।

**विधान सभा-**

- **बड़े राज्यों** में प्रत्याशियों के व्यय की **सीमा को ₹28 लाख से बढ़ाकर ₹40 लाख** की गई।
- **छोटे राज्यों** में यह सीमा **₹20 लाख से बढ़ाकर ₹28 लाख** किया गया।

## भारत का पहला जिला सुशासन सूचकांक

- 22 जनवरी 2022 को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के **20 जिलों के लिए 'भारत का पहला जिला सुशासन सूचकांक'** जारी।
- यह सूचकांक प्रशासनिक **सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG), भारत सरकार द्वारा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर सरकार** के सहयोग से तैयार किया गया है।
- इस सूचकांक में **116 डेटा बिंदुओं के साथ 58 संकेतक वाले 10 शासन क्षेत्रों** के तहत प्रदर्शन शामिल है।
- **ये दस शासन क्षेत्र-** कृषि और संबद्ध क्षेत्र, वाणिज्य और उद्योग, मानव संसाधन विभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिताएँ, न्यायपालिका और सार्वजनिक सुरक्षा, पर्यावरण और नागरिक केंद्रित शासन।
- **प्रथम तीन स्थान- 1.** जम्मू (स्कोर- 5.740), 2. डोडा, 3. सांबा, 4. पुलवामा।
- **अंतिम 20वें स्थान-** राजौरी जिला।

## 'अबाइड विद' मी धुन बीटिंग रिट्रीट समारोह से हटाई गई

- महात्मा गांधी के पसंदीदा पारंपरिक **ईसाई स्तुति गीत 'अबाइड विद मी'** को वर्ष 2022 के बीटिंग रिट्रीट समारोह की धुनों की सूची से हटा दिया गया।
- यह धुन 1950 से हर साल वार्षिक समारोह में बजाई जाती थी।
- अवॉइड विद मी की जगह कवि प्रदीप की मौलिक कृति **'ऐ मेरे वतन के लोगों'** ने ले ली है, जिसकी रचना भारत-चीन युद्ध के मद्देनजर की गई थी।
- पहली बार 27 जनवरी 1963 को **सी. रामचंद्र द्वारा बनाई गई, धुन पर लता मंगेशकर द्वारा गाया गया** था।

## तख्त दमदमा साहिब

- 3 जनवरी 2022 को **तख्त दमदमा साहिब** को दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधन समिति में सिक्खों के **पांचवे तख्त के रूप में मान्यता** दी गई।
- तख्त का शाब्दिक अर्थ है **एक सिंहासन या प्राधिकारी का सीट**।
- **1. अकाल तख्त-** पांचों तख्तों में सर्वोच्च माना जाता है जो अमृतसर में स्थित है। स्थापना 1606 में गुरु हरगोबिंद ने की थी।
- **2. तख्त पटना साहिब-** बिहार में पटना में स्थित है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह का 1666 में जन्म हुआ था।
- **3. तख्त केशगढ़ साहिब-** पंजाब के आनंदपुर साहिब में स्थित है। यहीं पर गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी।
- **4. तख्त हजूर साहिब-** महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित है। यहां गुरु गोविंद सिंह ने समय बिताया था और 1708 में उनका अंतिम संस्कार भी किया गया था।
- **5. तख्त दमदमा साहिब-** बठिंडा के तलवंडी साबो में स्थित है। गुरु गोविंद सिंह ने यहां कई महीने बिताए।

## India State of Forest Report 2021

- 13 जनवरी 2022 को **केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय** द्वारा **भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021** द्विवार्षिक रिपोर्ट जारी।
- रिपोर्ट के अनुसार 2019 में अंतिम आंकड़े के बाद से **देश में वन और वृक्षों के आवरण में 2,261 वर्ग किलोमीटर** की बढ़ोतरी हुई है।
- देश का कुल **वन आवरण (forest cover) और वृक्ष आवरण (tree cover)- 80.9 मिलियन हेक्टेयर** (भौगोलिक क्षेत्र का 24.62%)।
- 2021 में भारत में **कुल वन आवरण- 713,789 वर्ग किलोमीटर** (कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.71%) (721 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि)।
- **वन क्षेत्र में वृद्धि दिखाने वाले शीर्ष तीन राज्य- आंध्र प्रदेश (647 वर्ग किमी), तेलंगाना (632 वर्ग किमी), ओडिशा (537 वर्ग किमी)।**

- क्षेत्रफल के अनुसार **मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा वन क्षेत्र** है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडीशा और महाराष्ट्र।
- कुल भौगोलिक क्षेत्र में प्रतिशत के रूप में वन आवरण के मामले में शीर्ष तीन राज्य- **मिजोरम (84.53%), अरुणाचल प्रदेश (79.33%), मेघालय (76%)**
- वर्तमान में देश में **मैंग्रोव क्षेत्र** 17 वर्ग किलोमीटर से **बढ़कर 4993 वर्ग किलोमीटर** हो गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

**ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर अब नाइटहुड से सम्मानित**

- 1997 से 2007 के बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे **लेबर पार्टी के टोनी ब्लेयर** को नाइटहुड से सम्मानित किया गया।
- इससे वह अब **सर टोनी ब्लेयर हो गए** हैं।
- इनके अलावा **अन्य लोग** जो सम्मानित किए गए वह अभिनेता **डेनियल क्रेग** (काल्पनिक पात्र जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाने वाले), **प्रोफेसर क्रिस व्हिटी** (कोरोना के विरुद्ध संघर्ष में सक्रिय योगदान देने वाले इंग्लैंड के चीफ मेडिकल ऑफिसर(CMO)), **जोनाथन वान-टैम** ( डिप्टी सीएमओ),
- **नाइट कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द बाथ** से सम्मानित किया गया- **सर पैट्रिक वैलेंस** (प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार जिन्हें 2009 में नए रूप से सम्मानित किया जा चुका है)।
- **ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश अंपायर के नाइट कमांडर** के रूप में सम्मानित किया गया- **अजय कुमार कक्कड़** (भारतीय मूल के ब्रिटिश शिक्षाविद् एवं हाउस ऑफ लॉर्ड के सदस्य)।

**उत्तर कोरिया द्वारा नए वर्ष के पहले माह में ही बैलेस्टिक मिसाइलों के परीक्षण**

- **6 जनवरी 2022 को** उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन कर **बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण** कर अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया।
- फिर **11 जनवरी को एक अन्य हाइपरसोनिक मिसाइल** का परीक्षण किया।
- पूर्वी क्षेत्र में समुद्र में गिरने से पूर्व इस मिसाइल **मैक 10 की अधिकतम गति** को लगभग **700 किलोमीटर की उड़ान भरी** तथा जापान की आर्थिक क्षेत्र से बाहर इतने लैंडिंग की।
- बाद में कुछ और परीक्षण भी उत्तर कोरिया ने जनवरी माह में किए।
- अमेरिका ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा बताया तथा साथ ही जापान व दक्षिण कोरिया की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

**इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से बोर्नियो द्वीप स्थानांतरित करने की विधेयक पारित**

- 18 जनवरी 2022 को इंडोनेशिया की संसद में **जकार्ता से राजधानी बोर्नियो द्वीप में पूर्वी कालीमंतन में स्थानांतरित** करने का आवश्यक विधेयक पारित किया गया।
- **नई राजधानी को नुसांतरा (Nusantara) नाम** से जाना जाएगा।
- जकार्ता में बढ़ रही भीड़-भाड़, प्रदूषण, शासन, व्यवसाय, वित्त, करोबार एवं सेवा केंद्र के तौर पर जकार्ता पर बोझ अधिक बढ़ जाने के कारण यह निर्णय लिया गया।
- इंडोनेशिया के **राष्ट्रपति- जोको विडोडो।**

**भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (Corruption Perception Index-CPI)**

- 25 जनवरी 2022 को **जर्मनी** की संस्था **ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल** के द्वारा विभिन्न राष्ट्रों के लिए वर्ष 2021 के भ्रष्टाचार बोध सूचकांक जारी किए गए।
- **CPI का मान 0-100 के बीच रहता है**, जिस देश का मान **जितना कम होता है वहां भ्रष्टाचार का स्तर उतना अधिक** माना जाता है।
- सूचकांक में शामिल **कुल देश/क्षेत्र- 180**
- **भारत का स्थान 2021 में- 85वां** ( मान 40)।

**सबसे कम भ्रष्टाचार वाले देश**

- 1. डेनमार्क, फिनलैंड, न्यूजीलैंड (सभी का मान-88), 4. नॉर्वे, सिंगापुर (मान-85)

**सर्वाधिक भ्रष्टाचार वाले देश**

- 180. दक्षिण सूडान (मान 11), 178. सीरिया एवं सोमालिया (मान- 13), 177. वेनेजुएला (मान- 14)

**भारत के पड़ोसी देशों की रैंकिंग-**

- 25. भूटान, 66. चीन, 102. श्रीलंका, 117. नेपाल, 140. पाकिस्तान, 140. म्यांमार, 147. बांग्लादेश, 174. अफगानिस्तान।

**संबंध सामान्य होने के पश्चात इजरायल के राष्ट्रपति की अरब अमीरात की पहली यात्रा**

- 30 - 31 जनवरी 2022 को इजरायल के राष्ट्रपति **इसाक हर्जोग (Isaac Herzog)** ने संयुक्त अरब अमीरात के पहली यात्रा की।
- फिलिस्तीन के मुद्दे पर दशकों तक अरब देशों के साथ रहे संयुक्त अरब अमीरात ने इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने का समझौता अगस्त 2020 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में संपन्न किया था।

- यूएई के **क्रॉउन प्रिंस के साथ चली वार्ता में इजरायली राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि वह यूएई की सुरक्षा जरूरतों का पूर्ण समर्थन** करते हैं।
- इजरायली राष्ट्रपति ने क्षेत्र के अन्य देशों से इजराइल को मान्यता देने की अपील भी की।
- 31 जनवरी को दुबई में एक्सपो 2020 में शामिल हुए तथा संयुक्त अरब अमीरात में तेजी से उभरते हुए यहूदी समुदाय से भी भेंट की।
- हर्जोग के प्रतिनिधित्व मंडल में शामिल इजराइली उद्यमियों एवं निर्यातकों ने यूएई के साथ **$10 अरब से अधिक के सौदे पर चर्चा** भी इस अवसर पर किए।

### कोरोना वैक्सीन की अनिवार्यता के विरोध में कनाडा में हजारों ट्रक चालकों का फ्रीडम कॉन्वॉय

- 30- 31 जनवरी 2022 को **20,000 से अधिक ट्रकों के काफिले** ने कनाडा की राजधानी **ओटावा को घेर** लिया था।
- **अमेरिका से कनाडा आने वाले ट्रक चालकों को वैक्सीन ना लगे होने पर सीमा पर ही क्वॉरेंटाइन** करने का नियम बनाया गया था।
- फ्रीडम कॉन्वॉय नाम से इस **विशाल ट्रक जुलूस** के कारण राजधानी में **लगभग 70 किलोमीटर तक वाहनों** की कतारें लग गई।
- विश्व के इस सबसे बड़े जमावड़े के अंतरिक्ष से भी दिखने की बात मीडिया रिपोर्ट में बताई गई थी।
- कनाडा पुलिस ने इतनी विशाल भीड़ के समूह अपनी लाचारी व्यक्त की तथा प्रदर्शन हिंसक होने की आशंका में प्रधानमंत्री ट्रूडो अपने परिवार के साथ अपने आवास छोड़कर किसी अज्ञात स्थान पर चले गए थे।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दिसबंर 2021 में 5.56 प्रतिशत

- 31 जनवरी 2022 को श्रम मंत्रालय के 'लेबर ब्यूरो' द्वारा **Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW)** जारी किया गया।
- **दिसम्बर 2021 में 125.4 आकलित** किया गया है।
- दिसम्बर 2020 की तुलना में दिसम्बर 2021 में सूचकांक 5.56 प्रतिशत अधिक है।

### बुर्किना फासो में तख्तापलट

- 24 जनवरी 2022 को बुर्किना फासो की सेना ने **राष्ट्रपति रोज काबोरे** को अपदस्थ कर दिया।
- सेना ने **संविधान को निलंबित** कर दिया सरकार और **नेशनल असेंबली को भंग** कर दिया **और देश की सीमाओं को बंद** कर दिया है।
- बुर्किना फासो की **राजधानी- औगाडौउगोऊ (Ouagadougou)**।
- लेफ्टिनेंट **कर्नल पॉल-हेनरी संडोगो दामिबा**, राष्ट्रपति को अपदस्थ कर पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के नए शासक हैं।
- बुर्किना फासो पश्चिम अफ्रीका में एक भू-आबद्ध (Land locked) देश है।

## आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य

### 2021-22 में देश की राष्ट्रीय आय के सम्बन्ध में एनएसओ के पहले अग्रिम अनुमान

- 7 जनवरी 2022 को NSO (राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय) द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 की राष्ट्रीय आय सम्बन्धी पहले अग्रिम अनुमान जारी किए गए।

**2020-21 व 2021-22 की राष्ट्रीय आय से सम्बन्धित प्रमुख आँकड़े एक दृष्टि में**

(₹ लाख करोड़)

| | 2020-21 (31 मई, 2021 के अनंतिम आकलन) | 2021-22 (7 जनवरी, 2022 के पहले अग्रिम अनुमान) |
|---|---|---|
| **मूल कीमतों पर मूल्यवर्द्धन (GVA)** | | |
| 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर | 124·53 (– 6·2) | 135·22 (8·6) |
| **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** | | |
| 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर | 135·13 (– 7·3) | 147·54 (9·2) |
| चालू मूल्यों पर | 197·46 (– 3·0) | 232·15 (17·6) |
| **राष्ट्रीय आय** | | |
| 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर | 117·41 (– 7·4) | 128·61 (9·5) |
| चालू मूल्यों पर | 174·62 (– 3·0) | 205·73 (17·8) |
| **प्रति व्यक्ति आय (₹ में)** | | |
| 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर | 86,659 (– 8·4) | 93,973 (8·4) |
| चालू मूल्यों पर | 1,28,829 (– 4·0) | 1,50,326 (16·7) |

नोट : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े पूर्व वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि को दर्शाते हैं.

### अप्रैल-दिसम्बर 2021 में भारत के वस्तुगत निर्यातों में व आयातों की वृद्धि: वाणिज्य मंत्रालय की रिपोर्ट

- 14 जनवरी 2022 को वित्तीय वर्ष 2021-22 के पहले नौ महिनों (अप्रैल-दिसम्बर 2021) में भारत के विदेशी व्यापार के अनंतिम आँकड़े वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी।

**विदेशी व्यापार के आँकड़े एक दृष्टि में**

(अरब डॉलर में)

| | अप्रैल-दिसम्बर 2019-20 | अप्रैल-दिसम्बर 2020-21 | अप्रैल-दिसम्बर 2021-22 |
|---|---|---|---|
| वस्तुगत व्यापार | | | |
| निर्यात | 238·27 | 201·38 | 301·38 (49·66)* (26·49)@ |
| आयात | 364·18 | 262·76 | 443·82 (68·91)* (21·87)@ |
| व्यापार शेष (Trade Balance) | – 125·91 | – 61·38 | – 142·44 |
| सेवाओं का व्यापार | | | |
| सेवाओं का निर्यात | 160·13 | 150·09 | 177·68 (18·39)* (10·96)@ |
| सेवाओं का आयात | 97·24 | 85·00 | 103·30 |
| सेवाओं का शेष | 62·90 | 65·08 | 74·39 |
| कुल विदेशी व्यापार (वस्तुओं व सेवाओं का व्यापार) | | | |
| कुल निर्यात | 398·41 | 351·47 | 479·07 (36·31)* (20·25)@ |
| कुल आयात | 461·42 | 347·76 | 547·12 (57·33)* (18·57)@ |
| कुल व्यापार शेष | – 63·01 | 3·70 | – 68·06 |

## सितम्बर 2021 के अंत में भारत पर विदेशी ऋण भार : वित्त मंत्रालय के ताजा आँकड़े

**विदेशी ऋण सम्बन्धी आँकड़े एक दृष्टि में (सितम्बर 2021 के अन्त की स्थिति)**

| | |
|---|---|
| कुल विदेशी ऋण | 593·1 अरब डॉलर |
| दीर्घकालिक ऋण | 492·5 अरब डॉलर |
| कुल विदेशी ऋण में दीर्घकालिक ऋण का भाग | 83·0 प्रतिशत |
| अल्पकालिक ऋण | 100·6 अरब डॉलर |
| कुल विदेशी ऋण में अल्पकालिक ऋण का भाग | 17·0 प्रतिशत |
| जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कुल विदेशी ऋण | 21·1 प्रतिशत |
| मुद्राओं की दृष्टि से विदेशी ऋण की संरचना | |
| डॉलर मूल्य में | 51·0 प्रतिशत |
| रुपए मूल्य में | 32·2 प्रतिशत |
| एसडीआर में | 7·1 प्रतिशत |
| येन में | 5·6 प्रतिशत |
| यूरो में | 3·3 प्रतिशत |

## दिसम्बर 2021 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अनंतिम दर 5.59 प्रतिशत

- 12 जनवरी 2022 को केन्द्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी किया गया। यह मासिक आधार पर प्रति माह जारी किए जाते हैं।
- आधार वर्ष- 2012.

**सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति**

(प्रतिशत में)

| | नवम्बर 2021 (फाइनल) | दिसम्बर 2021 (अनंतिम) |
|---|---|---|
| ग्रामीण क्षेत्रों में | 4·29 | 5·36 |
| शहरी क्षेत्रों में | 5·54 | 5·83 |
| अखिल भारतीय | 4·91 | 5·59 |

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)**

| | नवम्बर 2021 (फाइनल) | दिसम्बर 2021 (अनंतिम) |
|---|---|---|
| ग्रामीण क्षेत्रों में | 167·6 | 167·0 |
| शहरी क्षेत्रों में | 165·6 | 165·1 |
| अखिल भारतीय | 166·7 | 166·1 |

## थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति

- दिसंबर 2021 के लिए थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आँकड़ें सभी वस्तुओं के लिए- 13.56 प्रतिशत।
- फूड इंडेक्स के आधार पर WPI आधारित मुद्रास्फीति की दर- 9.24 प्रतिशत।

## औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2021

- 20 जनवरी 2022 को केन्द्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कृषि श्रमिकों व ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में **5-5 अंकों की वृद्धि**।
- सूचकांक का **आधार वर्ष 1986-87 है।**
- दिसंबर 2021 में **कृषि श्रमिकों के लिए सूचकांक 1097** (नवंबर 2021 में था 1092) एवं **मुद्रास्फीति दर 4.78 प्रतिशत** रहा।
- दिसंबर 2021 में **ग्रामिण श्रमिकों के लिए सूचकांक 1106** (नवंबर 2021 में था 1106) एवं **मुद्रास्फीति दर 5.03 प्रतिशत रहा।**

## दिसंबर 2021 के अंत में भारत के विदेशी मुद्रा कोष 633.6 अरब डॉलर

- 7 जनवरी 2022 को भारतीय रिर्जव बैंक द्वारा 31 दिसंबर 2021 तक की स्थिति जारी।

**भारत के आरक्षित विदेशी मुद्रा कोष**

(अरब डॉलर)

| | 31 दिसम्बर, 2021 की स्थिति |
|---|---|
| विदेशी मुद्रा परिसम्पत्तियाँ (Foreign Currency Assets) | 569·889 |
| स्वर्ण (Gold) | 39·405 |
| विशेष आहरण अधिकार (SDR) | 19·114 |
| अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास सुरक्षित राशि (Tranche with IMF) | 5·207 |
| कुल विदेशी मुद्रा कोष | 633·614 |

## विश्व का सबसे बड़ा स्वतंत्र व्यापार समझौता- आरसीईपी (RCEP) 1 जनवरी से प्रभावी हुआ

- 1 जनवरी 2022 से **आसियान के 10 सदस्य देशों व 5 अन्य देशों** सहित **कुल 15 देशों** के बीच नवम्बर 2020 में सम्पन्न क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता लागू हो गया।
- **आसियान देश-** इण्डोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाइलैण्ड, फिलीपींस, वियतनाम, ब्रूनेई, कम्बोडिया, म्यांमार व लाओस।
- **अतिरिक्त 5 देश-** आस्ट्रेलिया, चीन, जापान, द.कोरिया व न्यूजीलैण्ड।
- अंकटाड के एक आकलन के अनुसार RCEP समझौते के अस्तित्व में आने से इस क्षेत्र में अन्तर्क्षेत्रीय व्यापार में प्रशुल्कों में **90 प्रतिशत तक की कटौती अगले 20 वर्षों में** विभिन्न चरणों में होगा।

**जीडीपी के दृष्टि से विश्व के प्रमुख स्वतंत्र व्यापार क्षेत्र-**

- **RCEP- 30.5%**
- **यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको, कनाडा एग्रीमेंट- 28.0%**
- **यूरोपीय संघ- 17.9%**

## 2021 के पश्चात् 2022 में भी भारत सर्वोच्च आर्थिक वृद्धि वाला देश होगा : अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का आकलन

- 25 जनवरी 2022 को World Economic Outlook शीर्षक से विश्व भर में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2022 में जीडीपी वृद्धि की रिपोर्ट जारी की।

| सम्पूर्ण विश्व | अक्टूबर 2021 का पहले का पूर्वानुमान | जनवरी 2022 का ताजा पूर्वानुमान |
|---|---|---|
| अमरीका | 5.2 | 4.0 |
| चीन | 5.6 | 4.8 |
| रूस | 2.9 | 2.8 |
| ब्राजील | 1.5 | 0.3 |
| द. अफ्रीका | 4.9 | 4.6 |
| **भारत** | **8.5** | **9.0** |
| सम्पूर्ण विश्व | 4.9 | 4.4 |

## भारतीय अर्थव्यवस्था में 2021 व 2022 में सर्वोच्च वृद्धि होगी : संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

- 25 जनवरी 2022 को संयुक्त राष्ट्र संघ के सामाजिक एवं आर्थिक मामलों के विभाग की वर्ष 2022 की यह World Economic Situation and Prospects रिपोर्ट विश्व भर में जारी की गई।
- **संयुक्त राष्ट्र संघ के पाँच क्षेत्रीय आयोगों के सहयोग से तैयार की गई-**
- **1. Economic Commission for Africa (ECA),**
- **2. Economic Commission for Europe (ECE),**
- **3. Economic Commission For Latin America and Social Commission for Asia and the Pacific (ECLAC),**
- **4. Economic and Social Commission for Asia and the Pacific (ESCAP),**
- **5. Economic and Social Commission for Western Asia (ESCWA).**

**प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं एवं क्षेत्रों में जीडीपी में वृद्धि**
**(संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट जनवरी 2022 के आकलन)** (प्रतिशत में)

| क्षेत्र/देश | 2020 | 2021 (अनुमानित) | 2022 (पूर्वानुमान) | 2023 (पूर्वानुमान) | जनवरी 2021 के अनुमानों की तुलना में ताजा अनुमान में अंतर | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2021 के लिए | 2022 के लिए |
| **सम्पूर्ण विश्व** | **–3·4** | **5·5** | **4·0** | **3·5** | **0·8** | **0·6** |
| **विकसित राष्ट्र** | **–4·8** | **4·8** | **3·7** | **2·5** | **0·8** | **1·1** |
| अमरीका | –3·4 | 5·5 | 3·5 | 2·4 | 2·1 | 0·8 |
| जापान | –4·6 | 2·2 | 3·3 | 2·7 | –0·8 | 1·5 |
| यूरोपीय संघ | –6·0 | 4·7 | 3·9 | 2·6 | –0·1 | 1·2 |
| अन्य विकसित राष्ट्र | –3·3 | 4·0 | 3·7 | 2·7 | –1·0 | 1·5 |
| **विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **–1·6** | **6·4** | **4·5** | **4·7** | **0·8** | **0·0** |
| चीन | 2·3 | 7·8 | 5·2 | 5·5 | 0·7 | –0·6 |
| **भारत*** | **–7·1** | **9·0** | **6·7** | **6·1** | **1·7** | **0·8** |
| ब्राजील | –4·1 | 4·7 | 0·5 | 1·9 | 1·5 | –1·7 |
| **पूर्वी एशिया** | **1·0** | **6·7** | **4·9** | **5·4** | **0·3** | **–0·3** |
| **दक्षिण एशिया** | **–4·7** | **7·4** | **5·9** | **5·6** | **0·5** | **0·6** |
| इकोनोमीज इन ट्रांजिशन | –2·6 | 4·4 | 3·2 | 2·9 | 1·0 | 0·2 |
| रूस | –3·0 | 4·2 | 2·7 | 2·3 | 1·2 | 0·3 |
| **लीस्ट डेवलप्ड कंट्रीज** | **0·8** | **1·4** | **4·0** | **5·7** | **–3·5** | **–0·6** |
| वस्तुओं व सेवाओं का वैश्विक व्यापार | –8·3 | 11·0 | 5·7 | 4·0 | 4·0 | 1·9 |

* भारत के लिए जीडीपी वृद्धि के यह आँकड़े कैलेंडर वर्ष के आधार पर हैं.

## बैंकों पर से एनपीए का बोझ घटाने के लिए 'बैड बैंकों' की शुरूआत

- बैड बैंक- वित्तीय संस्थानों के एनपीए के बोझ घटाने के लिए, जो दूसरे बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों से NPA एकाउन्ट खरीद कर उनकी वसूली अपने स्तर पर करते हैं।
- **इससे बैंकों का NPA बोझ कम हो जाता है।**
- भारत में गठित **नेशनल एसेट्स रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि. (NARCL) व इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कम्पनी लि (IDRCL)** ऐसे ही 'बैड बैंक' हैं।
- नेशनल एसेट्स रिकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि. की **इक्विटी में 51 प्रतिशत** हिस्सेदारी जहाँ **सार्वजनिक क्षेत्र** के बैंकों की है।
- डेट रिजॉल्यूशन कम्पनी में **51 प्रतिशत हिस्सेदारी निजी क्षेत्र** के बैंकों की है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में 15 बैंकों के ₹82845 करोड़ के NPA खातों का चयन किया गया है जिसे मार्च 2022 के अन्त तक NARCL को हस्तांतरण किया जाएगा।

## बीते वर्ष 2021 में भारत में स्वर्ण की खपत में 78.6 प्रतिशत की वृद्धि : विश्व स्वर्ण परिषद् की रिपोर्ट

- 21 जनवरी 2022 को **विश्व स्वर्ण परिषद्** द्वारा **गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स 2021** की वार्षिक रिपोर्ट विश्व भर में जारी किया गया।

**रिपोर्ट के अनुसार-**

- **विश्व भर** में 2021 में **स्वर्ण** की खपत बढ़कर- **4021.3 मीट्रिक टन** (2020 में 3658.8 मीट्रिक टन थी)।
- भारत में 2021 में **स्वर्ण की खपत- 797.3 टन** रही (73 प्रतिशत की वृद्धि) (2020 में 446 टन थी)।
- भारत में वर्ष 2022 में यह **खपत 850 टन** तक पहुँचने की सम्भावन है।
- भारत में **2021 में आभूषणों में स्वर्ण की खपत- 610.9 टन रही** (93% वृद्धि)।
- भारत में **2021 में निवेश हेतु 186.5 टन** (2020 से 43% वृद्धि)।

## Brand Finance IT Services 25 report 2022

- **ब्रांड फाइनेंस आईटी सर्विसेज 25 रिपोर्ट 2022 के अनुसार-**
- **1. एक्सचेंजर** (दुनिया की **सबसे मूल्यवान** और सबसे मजबूत आईटी सेवा ब्रांड, **36.2 billion-dollar ब्रांड वैल्यू** के साथ)
- **2. टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज** (टीसीएस **16.8 बिलीयन डॉलर की ब्रांड वैल्यू** के साथ विश्व स्तर पर आईटी सेवा क्षेत्र में दूसरा सबसे मूल्यवान ब्रांड)
- **3. इंफोसिस**,
- **7वें**- विप्रो,
- **8वें** एचसीएल,
- **15वें**- टेक महिंद्रा,
- **22वें**- लार्सन एंड टूब्रो इन्फोटेक।

## Brand Finance Brand Guardianship Index 2022

- जनवरी 2022 में जारी **ब्रांड फाइनेंस ब्रांड संरक्षकता सूचकांक 2022** में दुनिया में शीर्ष CEO में **पहला स्थान हासिल किया- सत्य नडेला**।
- **कुछ अन्य भारतीय मूल के सीईओ-**
- **5वें**- सुंदर पिचाई (गूगल),
- **6वें**- शांतनु नारायण (एडोब)
- **14वें**- पुनीत रेंजेन (डेलॉइट)
- **25वें**- एन. चंद्रशेखर (टाटा)
- **41वें**- आनंद महिंद्रा (महिंद्रा एंड महिंद्रा)
- **42वें**- मुकेश अंबानी (रिलायंस)

## एयरटेल पेमेंट बैंक को अनुसूचित बैंक का दर्जा

- जनवरी 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा **एयरटेल पेमेंट्स बैंक को अनुसूचित बैंक के रूप में वर्गीकृत** किया गया है।
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक अब सरकार द्वारा जारी **प्रस्तावों के लिए अनुरोध और प्राथमिक नीलामी में भाग ले सकता** है और सरकार द्वारा संचालित **कल्याणकारी योजनाओं के अलावा केंद्र और राज्य सरकार दोनों की व्यवसायिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकता** है।
- एयरटेल पेमेंट बैंक के **प्रबंधक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी- अनुबब्रत विश्वास।**

## यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ पीएमसी बैंक का विलय

- **भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार घोटालों से प्रभावित पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी बैंक (PMC) की सभी शाखाएं 25 जनवरी 2022 से यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक (USFB) की शाखाओं के रूप में कार्य करेंगे।**

## स्टार्ट अप्स ने 2021 में जुटाए 24.1 अरब डॉलर

- **NASSCOM** और **Zinnov** के एक नए अध्ययन के अनुसार भारत में स्टार्टअप्स में 2021 में **रिकॉर्ड 24.1 बिलीयन डॉलर्स जुटाएं**, जो महामारी से पूर्व के स्तर से 2 गुना अधिक है।
- **'इंडियन टेक स्टार्ट-अप इकोसिस्टमः ईयर ऑफ द टाइटंस' नामक अध्ययन** के अनुसार 2021 में **2,250 से अधिक स्टार्टअप जोड़े** गए (2020 की तुलना में 600 अधिक)।
- विश्व स्तर पर **भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर** रहा जिनके पास ऐसे स्टार्ट अप्स थे जिनका मूल्य 1 बिलियन डॉलर या उससे अधिक था।

## ऑक्सफैम रिपोर्ट 'Inequality Kills'

- 16 जनवरी 2022 को ऑक्सफैम इंडिया ने **इनइक्वालिटी किल्स** रिपोर्ट जारी की।
- **शीर्षक- Inequality Kills: India Supplement 2022**
- भारत में 2021 में **84% परिवारों की आय में गिरावट**।
- भारतीय **अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 142** हो गई।
- 2021 में **भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति 775 अरब डॉलर रिकॉर्ड** उच्च स्तर पर पहुंच गई।
- राष्ट्रीय संपत्ति में निम्न स्तर की **50 फ़ीसदी आबादी का हिस्सा मात्र 6% रहा**।
- महामारी के दौरान (मार्च 2020 से 30 नवंबर 2021 तक) **भारतीय अरबपतियों** की **संपत्ति 313 अरब डॉलर से बढ़कर 719 अरब डॉलर** हो गई।

- 4.6 करोड़ से अधिक भारतीयों के 2020 में अत्यधिक गरीबी के दलदल में फंसने का अनुमान है।

**बैंकिंग ऑन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया रिपोर्ट**

- 21 जनवरी 2022 को **नीति आयोग, रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट और आरएमआइ इंडिया** ने बैंकिंग ऑन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया रिपोर्ट शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।
- रिपोर्ट आरबीआई की प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार (PSL) दिशा निर्देशों में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने की सूचना देने के लिए विचार और सिफारिशें प्रदान करती हैं।
- PSL के तहत **इलेक्ट्रिक दो पहिए, तीन पहिए और वाणिज्यिक चार पहिया वाहन प्राथमिकता** वाले शुरुआती खंड है।

**डिजिटल भुगतान सूचकांक**

- 19 जनवरी 2022 को आरबीआई ने **'सितंबर 2021 के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक'** की घोषणा की।
- भारत में डिजिटल मोड के माध्यम से भुगतान सितंबर 2021 में यह 39.64 प्रतिशत बढ़कर 304.06 हो गया ( सितंबर 2020 में 217.74 था)।
- डिजिटल भुगतान सूचकांक **का आधार वर्ष 2018 है।**
